12.1 The list of festival/closed holidays shall be notified by the management in the beginning of the year or at any time thereafter, if necessary.

12.2 Casual employees will be entitled only to the three National Holidays subject to their being on duty on the working day preceding and succeding the holiday.

## 13.0 प्रवेश और निकास मार्ग :

प्रत्येक कर्मचारी को निर्धारित दरवाजों से निगम के भीतर प्रवेश करना अथवा निगम से बाहर जाना होगा। निगम के भीतर और बाहर जाने वाले कर्मचारियों को, प्रबंधन द्वारा इस प्रयोजन हेतु प्राधिकृत स्टाफ रोककर उनकी जांच कर सकता है।

## 14.0 पहचान - पत्र :

14.1 निगम के प्रत्येक कर्मचारी को पहचान–पत्र उपलब्ध करवाया जाएगा।

14.2 प्रत्येक कर्मचारी को अपना पहचान–पत्र दिखाना होगा, यदि निगम द्वारा पहचान–पत्र की जांच करने और निगम में आने वाले व्यक्तियों के प्रवेश को नियंत्रित करने वाले प्राधिकृत प्रतिनिधियों द्वारा ऐसा करने को कहा जाए।

14.3 पहचान–पत्र पहली बार निशुल्क जारी किया जाएगा। पहचान–पत्र गुम होने पर कर्मचारी द्वारा तुरंत इसकी जानकारी प्रबंधन को देनी होगी। केवल 5 रुपए में नया पहचान–पत्र जारी कर दिया जाएगा।

14.4 निगम की सेवाएं किसी भी कारणवश छोड़ने पर प्रत्येक कर्मचारी को अपना पहचान–पत्र निगम के सुपुर्द करना होगा।

## 15.0 आवासीय पते में परिवर्तन :

निगम की सेवा में प्रवेश करने पर प्रत्येक कर्मचारी को अपने आवासीय पते के संबंध में प्रबंधन को अधिसूचना देनी चाहिए और यदि आवासीय पते में कोई परिवर्तन होता है तो उसकी भी अधिसूचना प्रबंधन को देनी चाहिए।

## 16.0 रोजगार के दौरान मजदूरी का भुगतान :

16.1 किसी कर्मचारी को देय मजदूरी का भुगतान कानून के पूर्वकथित कथ्य के अनुसार जिस अवधि के लिए मजदूरी देय है, के अंतिम दिन के बाद सातवें/दसवें दिन की समाप्ति से पहले किया जाएगा।

16.2 किसी कर्मचारी को देय मजदूरी, यदि उसके द्वारा अदावी न किए जाने के कारण, निर्धारित दिन को अदा नहीं की जाती है, प्रबंधन द्वारा नियत समय के दौरान कर्मचारी की मांग पर बाद के कार्यशील दिवसों में की जाएगी।



## 13.0 Entry and Exit :

Every employee shall enter and leave the Corporation's premises by such gates as may be prescribed. Employees entering or leaving the premises are liable to be detained and searched by such staff as may be authorised for this purposes by the management.

## 14.0 Identity Cards :

14.1 Every employee of the Corporation would be provided with an Identity card.

14.2 Every employee shall show his identity card if required to do so by the representative(s) of the Corporation authorised to check the card and regulate entry of persons to the premises of the Corporation.

14.3 The first issue of the card will be free of charge. Loss of the card shall immediately be reported by the employee to the management. A new card shall be issued on payment of rupees five only.

14.4 Every employee leaving the service of the Corporation for any reason whatsoever, shall surrender his Identity Card.

## 15.0 Change of Address :

Every employee must notify to the management his residential address on joining the Corporation's service and must also notify any changes therein.

## 16.0 Payment of Wages During Employment :

16.1 Wages due to an employee shall be paid before the expiry of the seventh/tenth day after the last day of the wage period in respect of which the wages are payable in accordance with premises of the Law.

16.2 Any wages due to an employee but not paid on the prescribed day on account of their being unclaimed shall be paid on subsequent working days on demand by the employee during the time fixed by the management.

16.3 दावा न की गई मजदूरी संबंधी सभी दावे, उस तारीख, जिसको मजदूरी देय है, से तीन वर्ष के अंदर प्रस्तुत कर दिए जाने चाहिए। यदि तीन वर्ष के दौरान दावा न की गई मजदूरी के लिए कोई दावा नहीं किया गया तो दावे को कालातीत हो गया, माना जाएगा।

## 16.4 मजदूरी बिलों से कटौती :

16.4.1 किसी कर्मचारी की मजदूरी में से निम्नलिखित प्रयोजनों के लिए कटौतियां की जा सकती है :–

i) निगम द्वारा उपलब्ध कराई गई आवासीय सुविधा के संबंध में,

ii) निगम द्वारा उपलब्ध कराई गई सुख– सुविधा और सेवाओं के संबंध में,

iii) अग्रिमों की वसूली अथवा अधिक भुगतान के समायोजन के संबंध में,

iv) सरकार द्वारा वसूल किए जाने वाले आयकर या किसी अन्य कर के संबंध में,

v) किसी न्यायालय अथवा प्राधिकारी के आदेशों के अनुसार जो इस प्रकार के आदेश करने के लिए सक्षम है, किये जाने वाली कटौती के संबंध में,

vi) कर्मचारी भविष्य निधि से लिए गए किसी भी अग्रिम की वापसी के संबंध में,

vii) कर्मचारी के लिखित प्राधिकार के अनुसार निम्नलिखित के संबंध में कटौतियां :–

1) जीवन बीमा प्रीमियम या सरकारी प्रतिभूतितयों की खरीद के प्रयोजन के लिए या अल्प बचतों, प्रतिभूतियों अथवा निगम द्वारा निर्मित इसी प्रकार की बचतों में निवेश करने के लिए भुगतान।

2) निगम द्वारा विधिवत् मान्यता प्राप्त कर्मचारियों की किसी क्लब को देय अंशदान या अन्य प्रकारों का भुगतान।



16.3. All claims for unclaimed wages must be submitted within three years from the date on which the wages became due to the employee. If no claim is made for the unclaimed wages within a period of three years, the claim would be treated as time-barred.

## 16.4 Deduction from Wage bills :

16.4.1 Deductions from the wages of an employee may be made for the following purposes :

i) For house accommodation provided by the Corporation.

ii) For amenities and services supplied by the Corporation.

iii) For recovery of advances or for adjustment of over-payments.

iv) Income-tax or any other tax levied by the Government.

v) Deduction required to be made by orders of a Court or other authority competent to make such order.

vi) For refund of any advance taken from the Employee's Provident Fund.

vii) Deductions made with the written authorisation of the employee for:

1) payment of Life Insurance Premium or for the purpose of purchase of Government securities or investment in small Savings, Securities or the like as may be decided by the Corporation.

2) payment of subscription or other charges due to any of Employee's Clubs duly recognised by the Corporation.

3) निगम द्वारा अनुमोदित या प्रयोजित किसी अन्य निधि या भविष्य निधि अथवा किसी सांविधिक आवश्यकता को पूरा करने के लिए अभिदान या अंशदान का भुगतान।

viii) किसी कर्मचारी की ओर से किसी भी मद के संबंध में निगम को देय राशियों की कटौती

ix) संबंधित कर्मचारी द्वारा दिए गए लिखित अनुबंध के आधार पर की गई कोई कटौती

x) जुर्माना

xi) सेवा से अनाधिकृत अनुपस्थिति के लिए

xii) अभिरक्षा हेतु सामग्री की क्षति या खोने के संबंध में कर्मचारी द्वारा अभिरक्षा न करने हेतु उस पर जबर्दस्ती सौंपी गई सामग्री की क्षति या सामग्री का खो जाना अथवा धन का खो जाना जिसका लेखा जोखा उसके द्वारा अपेक्षित था।

## 17.0 अतिरिक्त समय :

प्रबंधन द्वारा समय–समय पर जारी निर्देशों के अनुसार प्रबंधन को किसी भी कर्मचारी को साप्ताहिक अवकाश और उत्सव वाले अवकाशों में कार्य पर लगाने समेत, समयोपरि कार्य पर लगाने का अधिकार है। उसे किसी भी समय सरकारी सेवा हेतु बुलाया जा सकता है ऐसी श्रेणी के कर्मचारियों को उनके द्वारा किए गए समयोपरि कार्य के बदले में नियमों/कानून के अंतर्गत स्वीकृत समयोपरि भत्ता या प्रतिपूरक अवकाश प्रदान किया जाएगा और यह समयोपरि भत्ता प्रबंधन द्वारा समय–समय पर निर्धारित ढंग के आधार पर दिया जाएगा।

## 18.0 उच्च अध्ययन जारी रखना :

कोई भी कर्मचारी जो किसी शिक्षा पाठ्यक्रम/प्रशिक्षण के माध्यम से किसी भी संस्थान से उच्चतर/अतिरिक्त योग्यता प्राप्त करना चाहता है, चाहे वह इस पाठ्यक्रम का व्यक्तिगत रूप से अध्ययन करता है, या डाक कोचिंग के माध्यम से करता है, वह प्रबंधन की विशेष अनुमति प्राप्त करने के पश्चात ही ऐसा कर सकता है। इस प्रकार की अनुमति उस स्थिति में प्रदान नहीं की जाएगी यदि ऐसा समझा जाता है कि ऐसा करने पर उसके द्वारा सरकारी सेवा के समुचित निष्पादन किए जाने में कोई विघ्न पैदा होगी।



3) payment of subscription or contribution to Provident fund or any other Fund sponsored or approved by the Corporation or to comply with any statutory requirement.

viii) Deduction of amounts due to the Corporation from an employee on any account.

ix) Any other deductions made with the written authorisation of the employee concerned.

x) Fines

xi) For unauthorised absence from duty.

xii) For damage to or loss of goods expressly entrusted to the employee for custody or for loss of money for which he is required to account.

## 17.0 Overtime :

The management reserves the right to require any employee to work overtime including work on weekly holidays and festival holidays in accordance with the instructions of the management issued from time to time. He is also liable to be called for duty at any time. For such overtime work done, compensatory off or overtime allowance payment as admissible under the rules/law, will be allowed to such categories of employees and at such rates as may be specified by the management from time to time.

## 18.0 Pursuing Higher Studies :

Any employee who wishes to acquire higher/additional qualifications by pursuing any course of education/training in any institution either by attending such course (s) personally or through postal coaching, may do so only after obtaining specific sanction of the Management. Such permission will not be accorded in case it is considered that same will interfere with the proper performance of his duties.

कर्मचारी अपनी सरकारी सेवा के दौरान भारत या विदेश में किसी स्थान का दौरा करने के लिए बाध्य होगा, जब भी प्रबंधन द्वारा ऐसा अपेक्षित हो। इसके लिए कर्मचारी को निगम के यात्रा भत्ता नियमों के अनुसार भुगतान किया जाएगा।

## 20.0 निगम के भवनों के बाहर पुस्तकों, रेखाचित्रों तथा अन्य दस्तावेजों आदि ले जाना :

20.1 कोई भी कर्मचारी सक्षम प्राधिकारी की अनुमति के बिना कार्यालय/परियोजना भवन के बाहर अपने साथ किसी प्रकार के कागजात, पुस्तकें, रेखाचित्र, उपकरण, उपस्कर, दस्तावेज अथवा निगम की कोई अन्य संपत्ति नहीं ले जाएगा।

20.2 किसी भी कर्मचारी द्वारा अपनी सरकारी सेवा के दौरान बाहरी स्रोतों से प्राप्त किया गया कोई भी दस्तावेज या सूचना कंपनी की संपत्ति होगी।

## 21.0 अनुसंधान :

21.1 प्रत्येक कर्मचारी जिसने पेटेण्ट प्राप्त किए हैं अथवा पेटेण्ट हेतु, व्यक्तिगत रूप से अथवा अन्य किसी पक्ष के साथ सामूहिक रूप से आवेदन किया है, अथवा जिसने कोई अनुसंधान/आविष्कार किया है उसे निगम में नियुक्ति लेने के एक महीने के भीतर, प्राप्त पेटेण्टों अथवा जिनके लिए आवेदन किया गया है और उसके द्वारा किए गए अनुसंधान/आविष्कारों के शीर्षकों एवं प्रकृति के संबंध में एक सूची निगम को प्रस्तुत करनी आवश्यक होगी और इनको प्रदर्शित करना होगा यदि प्रबंधन द्वारा ऐसा अपेक्षित हो।

21.2 निगम में रोजगार के दौरान अथवा निगम से उसकी सेवामुक्ति के बाद पांच वर्षों की अवधि के भीतर उसके द्वारा शुरू किए गए किसी अनुसंधान के अंतर्गत यदि कोई कर्मचारी किसी प्रकार का अनुसंधान अथवा आविष्कार करता है जिसे निगम में उसके रोजगार के महत्व को देखते हुए उपयुक्त माना जा सकता है, तो उसे यह निगम की ओर से ट्रस्ट में रखना होगा और कथित अनुसंधान की प्रकृति और विवरण तथा अनुसंधान करने के तरीके के संबंध में शीघ्र ही निगम को सूचित करना



## 19.0 Official Tours :

An employee shall be liable to proceed on tour in the course of his official duty to any place within India or abroad as and when so required by the management for which he shall be paid as per TA rules of the Corporation.

## 20.0 Removal of Books, Drawings and other Papers etc. outside Corporation's Premises :

20.1 No employee shall carry with him outside the office/ project premises any papers, books, drawings, photographs, instruments, apparatus, documents or any other property of the Corporation except with the approval of the competent authority.

20.2 Any documentation or information received or obtained by an employee, during the course of his official duty, from outside sources shall be the property of the Company.

## 21.0 Inventions :

21.1 Within one month of taking up employment with the Corporation, it shall be incumbent on every employee who has taken out or applied for, either individually or jointly with any other party, patents or is in possession of any inventions/discoveries, to furnish to the Corporation a list of such patents taken out or applied for and the titles and nature of the invention/discoveries in his possession and demonstrate if so required by the management.

21.2. In the course of any investigation undertaken by him in the employment of the Corporation or within a period of five years after the termination of his employment with the Corpporation, if any employee makes any invention or discovery which can be reasonably deemed to be in consequence of his employment in the Corporation, he shall forthwith disclose to the Corporation full and complete description and nature of the said invention and the mode of performing the same. He shall not publicise

होगा। वह निगम की अनुमति के बिना इसके परिणामों को प्रचारित नहीं करेगा। इस प्रकार के अनुसंधानों/आविष्कारों हेतु पेटेण्टों को अपनाने, प्रयोग करने, अनुमति देने, कार्य सौंपने, परिवर्तन करने या हस्तान्तरित करने में निगम को पूर्ण विवेकाधिकार होगा।

## 22.0 सुरक्षा :

कर्मचारियों को सुरक्षा नियमों का पालन करना होगा जैसा कि प्रबंधन द्वारा समय-समय पर अधिसूचित किया गया है और सुरक्षा उपस्कर का प्रयोग करना होगा तथा अन्य सावधानियां बरतनी होंगी, जैसा आवश्यक हो। सुरक्षा विनियमों का उल्लंघन, दुर्व्यवहार समझा जाएगा और इसके लिए कर्मचारी दण्ड का भागी होगा।

## 23.0 अन्यत्र रोजगार हेतु आवेदन पत्रों का अग्रेसण।

23.1 पावरग्रिड के बाहर रोजगार हेतु

23.1.1 परिवीक्षा अवधि के दौरान साधारणतः कोई आवेदन पत्र अग्रेषित नहीं किया जाएगा।

23.1.2 23.1.3 को मद्देनजर रखते हुए कर्मचारी की पदोन्नति किए जाने के बाद एक वर्ष तक कोई आवेदन पत्र अग्रेषित नहीं किया जाएगा। इसके पश्चात **एक आवेदन पत्र प्रतिवर्ष अग्रेषित किया जा सकता है।**

23.1.3 यदि कर्मचारी ने अपने प्रारंभिक नियुक्ति के उपरांत अपनी परिवीक्षा अवधि पूरी कर ली है और उसका स्थायीकरण हो गया है तो स्थायीकरण की तिथि से एक वर्ष के भीतर कोई आवेदनपत्र प्रतिवर्ष अग्रेषित नहीं किया जाएगा उसके पश्चात प्रतिवर्ष एक आवेदन पत्र अग्रेषित किया जा सकता है।

23.1.4 पावरग्रिड के नियमित कर्मचारीगण, जिनको निगम द्वारा समुचित रूप से अग्रेषित आवेदन पत्र के आधार पर अन्य सरकारी/सार्वजनिक क्षेत्र, संगठन में नियुक्ति हेतु चयन किया जाता है, ऐसे कर्मचारियों के विवेक पर एक वर्ष की अवधि के लिए पावरग्रिड में लीन रखने की अनुमति प्रदान की जा सकती है बशर्ते पावरग्रिड को छुट्टी वेतन अंशदान तथा सी पी एफ अंशदान (कर्मचारियों तथा नियोक्ताओं दोनों का अंश) के संबंध में या तो कर्मचारी द्वारा स्वयं या नए नियोक्ता द्वारा भुगतान किया जाता है।



the results without the approval of the Corporation. The Corporation shall have the absolute discretion to adopt, use, permit, assign, change or transfer patents for such inventions/ discoveries.

## 22.0 Safety :

Employees shall be bound to observe safety rules as notified from time to time by the management and to use safety equipment and take other precautions as are necessary. Breach of safety regulations shall be deemed to be misconduct and the employee shall be liable to punishment.

## 23.0 Forwarding of Applications of Employment elsewhere :

23.1 For employment outside POWERGRID.

23.1.1 During probation period, normally no application will be forwarded.

23.1.2 Subject to 23.1.3 after an employee has been promoted, no application will be forwarded during the first year after promotion. Thereafter one application per year may be forwarded.

23.1.3 If an employee has completed his probation on his initial appointment and has been confirmed, no application will be forwarded during the first year from the date he has been confirmed, thereafter, one application per year may be forwarded.

23.1.4 Regular employees of POWERGRID who are selected for appointment in other Government/Public Sector, Organisation against applications duly forwarded by the Corporation may, on specific request, be permitted at the discretion of the management to retain lien in POWERGRID for a period of one year, subject to the condition that leave salary contribution and CPF contribution (both the employee's and employer's shares) are paid to POWERGRID either by the employee himself or by the new employer.

23.1.5 ऐसे कर्मचारी जिन्होंने पावरग्रिड के साथ बाण्ड भरा है उनके आवेदन पत्र उस अवधि के दौरान अग्रेषित नहीं की जाएगी जिस अवधि के लिए वे सेवा बाण्ड की शर्तों के अधीन निगम में सेवा करने के लिए बाध्य है।

23.1.6 ऐसे कर्मचारी जो पांच वर्ष या अधिक की अवधि तक एक ही वेतनमान पर रहते हैं उनके आवेदन पत्र, आवेदन पत्र की कुल संख्या पर कोई प्रतिबंध लगाए बिना अग्रेषित किए जा सकते हैं।

## टिप्पणी

### साक्षात्कार हेतु अनापति प्रमाण पत्र का जारी किया जाना :

समय की कमी के कारण अथवा इस संबंध में विज्ञप्ति के कोई उल्लेख न किए जाने के कारण, यदि कोई कर्मचारी अपना आवेदन पत्र उचित माध्यम द्वारा नहीं भेज पाता है तो उसके द्वारा विज्ञप्ति की एक फोटो प्रति/प्रमाणित प्रति के साथ इस प्रकार का अनुरोध करने पर ही और आवेदन पत्र प्राप्त किए जाने की अंतिम तिथि के अनुसार, जैसा कि उनकी विज्ञप्ति में उल्लेख किया गया है संबंधित कर्मचारी यदि अपना आवेदन भेजने हेतु योग्य था, उसे अनापति प्रमाणपत्र जारी किया जा सकता है।

23.2.0 निगम की परियोजनाओं और निगमित केन्द्र में रोजगार

23.2.1 खुली विज्ञप्ति के प्रत्युत्तर में विभागीय अभ्यर्थियों के आवेदन पत्रों का उच्च ग्रेड पर नियुक्ति हेतु निगम के किसी कर्मचारी का विचार तभी किया जा सकता है, यदि आवेदकों ने अपने वर्तमान वेतनमान में कम से कम दो वर्ष पूरे कर लिए हों। यदि कोई कर्मचारी विज्ञप्ति अथवा आन्तरिक परिपत्र द्वारा किसी पद हेतु, जैसा भी मामला हो, सभी अर्हताएं पूरी करता है उसे प्रबंधन के विवेक पर दो वर्षो की न्यूनतम सेवा की शर्त के संबंध में छूट प्रदान की जा सकती है।

टिप्पणी 1

तकनीकी श्रेणी वाले ऐसे पर्यवेक्षकों के मामले में जो ए एम आई ई की परीक्षा पास करते हैं उनके व्यक्तिगत अनुरोध के आधार पर अन्यत्र नियुक्ति हेतु प्रतिवर्ष कुल छः आवेदन पत्र अग्रेषित किए जा सकते हैं।



23.1.5 Applications from persons who have executed service bonds with POWERGRID will not be forwarded during the period for which they are liable to serve the Corporation in terms of the service bond.

23.1.6 Applications from employees who remain in the same scale of pay for a period of five years or more, may be forwarded without any restriction on the number of applications.

## NOTE

### Issue of No Objection Certificate for interview :

If an employee is unable to route his application through proper channel because the advertisement has not mentioned about the same or because of shortage of time, at the time of interview, he may be issued NOC only if such a request is accompanied by a photo-copy/attested copy of the advertisement and if according to the last date of receipt of application as mentioned in their advertisement, the employee concerned was eligible for getting his application forwarded.

23.2.0 For employment in Corporation's projects and Corporate Centre

23.2.1 Applications of departmental candidates in response to open advertisement or internal circulars from any employee of the Corporation for appointment to the next higher grade may be considered if the applicants has served a minimum of two years in their existing scale of pay. If, however, an employee satisfies the specifications for the post advertised or circulated as the case may be, the requirement of a minimum service of two years may be relaxed at the discretion of the management.

NOTE 1

In case of such supervisors in Technical category who qualify in AMIE, a total of six applications per year can be forwarded for outside job based on their individual requests.

**टिप्पणी 2**

आंतरिक अभ्यर्थी रोजगार कार्यालय समेत प्रेस/अथवा खुले रूप से अधिसूचित या विज्ञप्ति अगले उच्चतर ग्रेडों के पद हेतु निम्नलिखित शर्तों पर आवेदन कर सकते हैं :

(ए) आंतरिक अभ्यर्थियों ने पावरग्रिड में अपने वर्तमान ग्रेड में कम से कम 2 वर्ष की सेवा की हो

(बी) आंतरिक अभ्यर्थी, उल्लिखित ग्रेडों में सेवा की न्यूनतम अवधि समेत अधिसूचित अथवा विज्ञापित अर्हताएं तथा अपेक्षाएं पूर्णतः पूरी करता हो।

उपरोक्त (ए) तथा (बी) के संदर्भ की तिथि आवेदन पत्र प्राप्त करने की अंतिम तिथि होगी जैसा कि विज्ञप्ति अथवा अधिसूचना में उल्लेख किया गया है (बी) शर्त के अंतर्गत उल्लेखित ग्रेड में सेवा की अवधि का निर्धारण करते समय कर्मचारी को प्रारंभिक नियुक्ति के समय प्रदान की गई वरिष्ठता की छूट को भी सम्मिलित किया जाएगा।

## 24.0 सेवा मुक्ति :

24.1 दशाएं : कुछ समय के लिए लगाए गए कानून के प्रावधानों की शर्त पर, किसी भी कर्मचारी की सेवाएं निम्नलिखित में से किसी एक दशा पर समाप्त की जा सकती है :–

(ए) सेवा अनुबंध की शर्तों पर सेवा मुक्ति

(बी) त्याग पत्र देने पर

(सी) छटनी किए जाने पर

(डी) सेवा निवृत्ति पर

(ई) चिकित्सा दृष्टि से अनुपयुक्त पाया जाना

(एफ) मृत्यु होने पर

(जी) अनुशासनात्मक कार्यवाही किए जाने के फलस्वरूप सेवा से हटाए जाने या बर्खास्त किए जाने पर



**NOTE 2**

Internal candidates may apply for posts in the next higher grades advertised or notified openly in the press/or elsewhere including employment exchange, subject to the following conditions.

(a) Internal candidates must have served for a minimum of 2 years in his existing grade in POWERGRID.

(b) Internal candidates must fully satisfy the job requirements and specifications as advertised or notified including the minimum period of service in the specified grades.

Reference date for (a) and (b) above will be last date of receipt of applications as stated in the advertisement or notification. For the purpose of determination of length of service in the specified grade under conditon (b) seniority weightage granted at the time of initial appointment will be taken into account.

## 24.0 Termination of Service :

24.1 Eventualities : Subject to the provisions of law for the time being in force, an employee's services may be terminated in any one of the following ways :-

a) termination in terms of service contract

b) resignation

c) retrenchment

d) retirement

e) medical unfitness

f) death

g) dismissal or removal from service as a result of disciplinary action.

24.2 सेवा अनुबंध की शर्तों पर : किसी भी कर्मचारी की सेवाएं उसे इस प्रकार का नोटिस देकर या इसके बदले में भुगतान करके, जैसा भी उसके सेवा अनुबंध में उल्लेख किया गया है, समाप्त की जा सकती है। सेवा अनुबंध में इस प्रकार का कोई विशेष प्रावधान का उल्लेख न होने की स्थिति में कर्मचारी की सेवाएं निम्नलिखित तरीके से समाप्त की जा सकती हैं।

24.2.1 एक अस्थाई कर्मचारी की सेवाएं नियुक्ति आदेश में उल्लिखित अवधि के समाप्त होने पर अथवा कार्य की समाप्ति पर, जिसके लिए उसे नियुक्त किया गया था, जो भी पहले हो उस आधार पर समाप्त की जा सकती है। ऐसे कर्मचारी की सेवाएं किसी भी पक्ष द्वारा एक माह का नोटिस दिए जाने या उसके बदले में वेतन का भुगतान किए जाने पर उल्लिखित अवधि पूरा होने अथवा उल्लिखित कार्य को पूरा हो जाने से पहले भी समाप्त की जा सकती है। यदि उल्लिखित अवधि में से पूरी न की गई अवधि एक माह से कम है तो नोटिस की अवधि या उसके बदले में भुगतान तदनुसार कम होगा।

24.2.2 किसी भी नैमितिक कर्मचारी की सेवाएं बिना किसी कारण बताएं अथवा नोटिस दिए बगैर समाप्त की जा सकती है।

24.2.3 किसी नए भर्ती कर्मचारी, जो परीवीक्षा कालाधीन हो, की सेवाएं किसी भी पक्ष द्वारा बिना कारण बताए एक माह का नोटिस दिए जाने पर या इसके बदले में वेतन, जिसमें वेतन व महंगाई भत्ता निहित है, का भुगतान करके समाप्त की जा सकती है।

24.2.4 किसी नियमित कर्मचारी की सेवाएं, यदि वह अधिकारी वर्ग में है, तो किसी भी पक्ष द्वारा तीन माह अथवा यदि कर्मचारी अधिकारी वर्ग में नहीं है तो एक माह का नोटिस देने पर या इसके बदले में वेतन जिसमें वेतन एवं मंहगाई भत्ता सम्मिलित है, के भुगतान पर समाप्त की जा सकती है।

## 24.3.0 त्याग - पत्र

24.3.1 निगम की सेवा से त्याग–पत्र देते समय कर्मचारी को सेवा–अनुबंध में वर्णित अथवा ऐसा न होने की दशा में नियम 24.2 में उल्लेखानुसार नोटिस देना होगा।



24.2. In terms of service contract : The services of an employee may be terminated by giving such notice or pay in lieu thereof as may be prescribed in the contract of his service. In the absence of any such specific provision in the Contract of Service, the services of the employee may be terminated in the following manner :

24.2.1 Services of a temporary employee shall stand automatically terminated at the end of the period as specified in the order of appointment or on completion of work for which he was engaged whichever is earlier. The services of such an employee may be terminated even before expiry of the said work by one month's notice on either side or payment of salary in lieu thereof. If the unexpired period out of the specified period is less than one month, the notice period or pay in lieu thereof will be correspondingly reduced.

24.2.2 The services of a casual employee can be terminated without assigning any reason or giving any notice.

24.2.3 The services of a fresh recruit on probation can be terminated without assigning any reason by giving one month's notice on either side or payment of salary consisting of pay and dearness allowance in lieu thereof.

24.2.4 The services of a regular employee, can terminated by either side giving three months' notice if he is an executive or one month's notice if he is a non-executive or payment of salary consisting of pay and dearness allowance in lieu thereof.

## 24.3.0 Resignation

24.3.1 An employee resigning from the services of the Corporation shall be required to give such notice as is prescribed in his service contract or in the absence thereof as per the provisions indicated under para 24.2 above.

24.3.2 किसी भी परिस्थिति में ऐसे कर्मचारी, जिसका आचरण जांचाधीन है उसके द्वारा प्रस्तुत किया गया त्याग – पत्र उसे बर्खास्त करने में सक्षम प्राधिकारी की स्वीकृति के बिना स्वीकृत नहीं किया जाएगा।

### टिप्पणी

जब किसी कर्मचारी का मामला विचाराधीन हो अथवा अनुशासनिक कार्रवाई के लिए विचार किया जा रहा हो इस दौरान वह त्याग पत्र प्रस्तुत करता है तो नियुक्ति करने वाला प्राधिकारी उसका त्याग पत्र स्वीकार कर सकता है यदि उस कर्मचारी पर नैतिक चरित्रहीनता, अपराधी दोष, रिश्वत अथवा भ्रष्टाचार अथवा जिससे निगम को पर्याप्त हानि होती हो अथवा ऐसा मामला जिसमें अपराधी कर्मचारी के विरुद्ध साक्ष्य गारंटी देने की अनुमति न दें अथवा ऐसी विचारधारा को औचित्य पूर्ण न ठहराए कि यदि विभागीय कार्रवाई जारी रखी जाती तो कर्मचारी को हटाया जा सकता है अथवा सेवामुक्त किया जा सकता है जैसे अभियोग न लागाए गए हों। तथापि, इससे क्षीण प्रवृत्ति के अन्य मामलों में त्याग पत्र स्वीकार करने वाले पत्र में इस बात का निश्चय ही उल्लेख किया जाना चाहिए कि कर्मचारी के विरुद्ध जांच पड़ताल का कार्य निलंबित है अथवा विचाराधीन है। ऐसा ही सिद्धांत अधिवर्षिता के मामले में भी लागू होगा।

## 24.4 छंटनी :

जब कभी छंटनी की प्रक्रिया को अपनाकर सेवा से बर्खास्त किया जाना आवश्यक हो जाए तो संबंधित नियम एवं विनियमों में निर्धारित प्रक्रिया के अनुरूप ऐसा किया जाएगा।

## 24.5 सेवा निवृत्ति :

निगम के कर्मचारी के लिए सेवा निवृत्ति की सामान्य आयु 58 वर्ष, अर्थात् जिस महीने में कर्मचारी 58 वर्ष की आयु प्राप्त करता है उस महीने के अंतिम दिन के अपराह्न में होगी।

## 24.6 चिकित्सा की दृष्टि से अयोग्यता :

किसी भी कर्मचारी को चिकित्सा की दृष्टि से योग्य न पाए जाने पर उसे निगम की सेवा से किसी भी समय सेवा मुक्त किया जा सकता है।



24.3.2 Under no circumstances shall the resignation tendered by an employee whose conduct is under investigation, be accepted, without the sanction of the authority competent to dismiss him.

### NOTE

Where an employee submits resignation during pendency or where disciplinary proceedings are contempleted, the resignation may be accepted by the appointing authority if the charges are not in the nature of moral turpitude, criminal offence, bribery or corruption or where the Substantial loss to corporation is involved or where the evidence against delinquent employee does not warrant or justify assumption that if the departmental proceedings were continued, the employee would be removed or dismissed from service. However, in other cases of lesser nature, in the letter accepting the resignation, it must be indicated that the enquiry proceedings were pending or contemplated against the employee. The principle will apply in case of superannuation also.

## 24.4 Retrenchment :

When it becomes necessary to resort to termination by way of retrenchment, the same shall be carried out in accordance with procedures as prescribed in the relevant Act or Acts.

## 24.5 Retirement :

The normal age of retirement for the employees of the Corporation shall be 58 years i. e. from the afternoon of the last day of the month in which the employee complete the age of fifty-eight years.

## 24.6 Medical unfitness :

An employee is liable to be discharged at any time from service on being found medically unfit to continue in the service of the Corporation.

24.7 मृत्यु :

जिस दिन कर्मचारी को स्वर्गवास होता है कर्मचारी के नाम से उस दिन तक के वेतन एवं भत्ते की राशि प्राप्त की जा सकती है और उसकी बकाया राशि के दावों पर उसका किस समय निधन हुआ है, कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा।

24.8 अनुशासनिक कार्रवाई के परिणामस्वरूप :

पावरग्रिड के आचार संहिता, अनुशासन और अपील नियमों के अनुसार अनुशासनिक कार्रवाई के परिणामस्वरूप कर्मचारी को निगम की सेवा से निकाला जा सकता है अथवा बर्खास्त किया जा सकता है।

25.0 सेवा संबंधी प्रमाण पत्र :

सेवा मुक्त, बर्खास्त, सेवा समाप्त किए जाने, व्यक्तिगत दिए जाने अथवा छंटनी किए जाने के समय अनुरोध किए जाने पर प्रत्येक कर्मचारी को सेवा संबंधी प्रमाण–पत्र प्रदान किया जाना चाहिए जिसमें निगम में उसकी सेवा अवधि, कर्मचारी जिस पद पर कार्यरत है, अंत में जिस पद पर कार्यरत था उस पद का वेतनमान और निगम की सेवा को छोड़ते समय कर्मचारी द्वारा प्राप्त किए गए वेतन की राशि का उल्लेख किया जाना चाहिए।

26.0 निगम की सम्पत्ति, उपस्कर, यंत्र आदि लौटाना।

प्रत्येक कर्मचारी जो कि निगम की सेवा से मुक्त किया जाता है, सेवा से मुक्त किए जाने से पूर्व, निगम में उसके रोजगार से संबंधित उपस्कर अथवा यंत्र जारी किए गए हैं अथवा उसको उपलब्ध कराए गए हैं, निगम को लौटाने होंगे। इस प्रकार की संपत्ति, उपस्कर, अपना यंत्र न लौटाए जाने की स्थिति में इनकी लागत की राशि उसके वेतन अथवा उसको देय राशि अथवा उससे वसूल की जाएगी।

टिप्पणी : किसी भी प्रकार की संदेहास्पद स्थिति में नियमों का अंग्रेजी प्रारूप ही मान्य होगा।



24.7 Death :

Pay and allowances of an employee may be drawn in his name upto the day of his demise, the hour at which it took place having no effect on the claim of his outstanding dues.

24.8 As a result of disciplinary action :

Employees may be removed or dismissed from the service of the Corporation as a result of disciplinary action in accordance with the POWERGRID Conduct, Discipline and Appeal Rules.

25.0 Issue of Service Certificate :

On receipt of a request, every employee may be furnished with a Service Certificate at the time of discharge, dismissal, termination of his service, resignation or retrenchment, giving duration of his employment in the Corporation, posts held by the employee, pay scale of the last post held and the pay drawn by the employee at the time of his leaving the Corporation.

26.0 Return of Corporation's Property, Equipment., Tools etc.

Every employee leaving the service of the Corporation shall, before leaving, return all property or equipment or tools belonging to the Corporation issued or lent to him inconnection with his employment in the Corporation. The cost of such property, equipment or tools not so returned shall be deducted from his pay or the amount due to him or recovered otherwise.

# संशोधन

| नियम संख्या | पृष्ठ संख्या | विवरण | संशोधित कार्यालय आदेश और तारीख द्वारा |
|---|---|---|---|
| | | | |



# AMENDMENT

| Rule No. | Page No. | Description | Amendmednts made vide office Order No. Dated |
|---|---|---|---|
| | | | |